इंतजार | 6 माह बाद भी नहीं हो पाया सुधार कार्य, कब खुलेगा जबलपुर-भोपाल बाईपास ओवरब्रिज, जनता को इंतजार

# शहपुरावासियों को कब तक मिलेगी जाम से निजात



**शहपुरा, भिटोनी, नवभारत।** भोपाल जबलपुर नेशनल हाईवे 45 का शहपुरा रेलवे ओवर ब्रिज का सुधार कार्य 6 महीने बाद भी पूरा नहीं हो पाया है, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा यह ब्रिज जबलपुर और भोपाल के बीच होने वाले आवागमन का सबसे मुख्यार्ग है लेकिन अब इस मार्ग को दोबारा जनता के लिए शुरू होने में करीब एक साल का वक्त और लगेगा।

एमपीआरडीसी के भ्रष्टाचार से निर्मित रेलवे ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त होने की पहली घटना करीब 7 माह पहले नवंबर में हुई थी जब ब्रिज का एक हिस्सा मिट्टी धंसने की बजाय से एक तरफ की सड़क भी टूट गई थी, इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया और फरवरी 2026 में दोबारा ब्रिज की सपोर्टिंग वाल क्षतिग्रस्त हो गई।

### सुधार कार्य बारिश से पहले करने के किए गए थे दावे

जबलपुर जिला कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने विभागों की समीक्षा में स्पष्ट कहा था शहपुरा रेलवे ओवरब्रिज के सुधार कार्य पर चर्चा करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए थे दावा किया गया कि बारिश के पहले पुल का सुधार कार्य पूरा कर लिया जाएगा और आम जनता के लिए रास्ता आसान होगा, लेकिन अब तस्वीरें बता रही हैं कि भ्रष्टाचार के बाद निर्माण कार्य में भी अव्वल दर्जे की लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा ब्रिज के पुनर्निर्माण का खर्च भी अब 15 करोड रुपए से ज्यादा का होगा। जनता के टैक्स के करोड़ों रुपयों की चढ़ी बलि एमपीआरडीसी की निगरानी में बांगड़ कंस्ट्रक्शन कंपनी ने जबलपुर से हिरन नदी के पुल तक करीब 55 किलोमीटर का हिस्सा 450 करोड रुपए की लागत से बनाया था। इसी हिस्से में शहपुरा रेलवे ओवरब्रिज भी आता है लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही ने जनता की गाढ़ी कमाई से जमा होने वाले टैक्स के करोड़ों रुपयों की बलि चढ़ा दी।

### सड़क परिवहन मंत्रालय ने निर्माण प्रक्रिया को किया खारिज

रेलवे ओवरब्रिज का एक हिस्सा गिरने के बाद एमपीआरडीसी द्वारा फिर से काम शुरू करवाया गया और कहा गया कि बारिश शुरू होने के पहले ही सुधार कर पूरा कर लिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हो सका, जिस प्रक्रिया से पुल का निर्माण किया जा रहा था केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने उस प्रक्रिया को खारिज कर दिया।

### नए सिरे से ब्रिज बनाने का काम अब हुआ शुरू

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के एक्सपर्ट की सलाह पर नए सिरे से ब्रिज बनाने का काम चालू कर दिया गया है एवं इसकी रिपोर्ट एमपीआरडीसी के मुख्यालय भोपाल में हर सप्ताह दी जाएगी। 400 मीटर का हिस्सा तकरीबन 15 करोड़ से निर्मित किया जाएगा जिसमें साइड और मिडिल में पिलर सिस्टम से स्ट्रक्चर बनाने की सलाह एक्सपर्ट ने दी है।

**मानसून सीजन में डायवर्टेड रूट से संचालित होगा ट्रैफिक**

जबलपुर भोपाल हाईवे-45 में शहपुरा के नजदीक ट्रैफिक अब पूरे मानसून सीजन में डायवर्टेड रूट से ही संचालित होगा, शहपुरा की कृषि उपज मंडी से आगे हाईवे तक जो परिवर्तित मार्ग है हर दिन 4000 से 5000 वाहन यहां से गुजरते हैं। इस मार्ग से संस्कारधानी को प्रदेश की राजधानी से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग दो किलोमीटर के एरिया में डायवर्टेड रूट से संचालित हो रहा है। शहपुरा टोल से इस मार्ग पर हर दिन 4 से 5 हजार कारें गुजरती हैं। इसके अलावा हैवी व्हीकल, गुड्स कैरियर और अन्य तरह के वाहन अलग हैं जिनसे नियम विरुद्ध तरीके से टोल भी वसूल किया जा रहा है। जबलपुर से राजधानी भोपाल के अलावा उज्जैन, देवास, इंदौर मालवा सहित अन्य शहरों तक जाने वाले भी इसी हाईवे का उपयोग करते हैं। अभी कुछ वाहन पाटन से शहपुरा और फिर वहां से भोपाल हाईवे तक पहुंच रहे हैं।



# उच्च गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों के अनुरूप करें निर्माण कार्य

**महाप्रबंधक ने किया सतना स्टेशन पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण**

**सतना, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सतना प्रवास के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत सतना रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सतना सांसद गणेश सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। दोनों ने स्टेशन पर निर्माण कार्यों की प्रगति, यात्री सुविधाओं और अधोसंरचना विकास का जायजा लिया।

महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं तथा निर्माण अवधि में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक ने सांसद गणेश सिंह से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र की रेल परियोजनाओं, यात्री सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों पर चर्चा की। सांसद द्वारा दिए गए सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके बाद महाप्रबंधक एवं सांसद ने कैमा रेलवे स्टेशन और कैमा मालगोदाम का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं, माल लदान एवं परिचालन व्यवस्था की समीक्षा की तथा परिचालन को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

**बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध हो**

महाप्रबंधक ने ललितपुर-सिंगरौली नई रेललाइन परियोजना के अंतर्गत सतना-देवेन्द्रनगर रेलखंड का भी विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे ट्रैक, सिग्नलिंग प्रणाली और ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की तकनीकी व्यवस्थाओं का परीक्षण करते हुए गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के अंत में उन्होंने कहा कि सभी विकास परियोजनाओं को तय समय में पूरा कर यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित और बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय एवं जबलपुर मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का जिला सम्मेलन 17 को

**चिल्हारी नवभारत।** मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ, उमरिया का बहुप्रतीक्षित जिला सम्मेलन आगामी 17 जुलाई को प्रात: 11 बजे से टाइगर हेवन रिसोर्ट, ताला (बांधवगढ़), मानपुर में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रांत अध्यक्ष आदरणीय शलभ भदौरिया अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम में जिले की अनेक सम्मानित विभूतियों, सामाजिक एवं प्रबुद्ध जनों की भी सहभागिता रहेगी। इस अवसर पर उमरिया जिले के सभी श्रमजीवी पत्रकार साथी बड़ी संख्या में सम्मेलन में शामिल होंगे। साथ ही शहडोल एवं अनूपपुर जिलों से भी श्रमजीवी पत्रकार संघ के पदाधिकारी भाग लेकर संगठन की एकजुटता और पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### अवधेश शर्मा का निधन



**जबलपुर।** कचनार सिटी निवासी समाजसेवी अवधेश शर्मा का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 12 बजे कचनार सिटी से गौरीघाट श्मशान के लिए रवाना होगी। वह्न किरण शर्मा के पति और अभिषेक शर्मा के पिता थे।

# निराश्रित पेंशन की समस्या के निराकरण की मांग

**बेसहारा बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग पात्रों को नहीं मिल पा रहा योजना का लाभ**

**नवभारत, बेलखाड़ू, जबलपुर।** प्रदेश शासन द्वारा निराश्रित, बेसहारा बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग मासिक पेंशन योजना का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस मंहगाई के दौर में पिछले तीन से चार माह की पेंशन नहीं मिलने से पेंशनधारियों को कठिनाई भरा जीवन जीना पड़ रहा है।

पेंशन धारियों ने बताया कि पनागर जनपद पंचायत अंतर्गत एक ओर इन पेंशनधारियों से प्रशासन द्वारा गरीबी रेखा प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है, प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। दूसरी ओर गरीबी रेखा कार्ड बनना बंद हैं तब किस स्थिति से गरीबी कार्ड प्रस्तुत करें, इस स्थिति में ये गरीब पेंशन हेतु भटक रहे हैं।

### शासन से की पेंशन बढ़ाने की मांग

उनका कहना है कि शासन-प्रशासन पटवारी से तत्काल सर्वे कराकर गरीबी रेखा में जीवन जीने वाले निराश्रित, विधवा, दिव्यांग परिवार की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर गरीबों की पेंशन शीघ्र उनके खातों में भेजने एवं शासन से पेंशन राशि बढ़ाने की मांग की गई है जिससे महंगाई के दौर में यह राशि उनको कुछ राहत प्रदान कर सके।

**इनका कहना है**

दो अप्रैल के बाद से पेंशन नहीं आई है, मोड (तकनीकी रूप) चेंज हो रहा है, जैसे ही मोड चेंज होगा शीघ्र ही आ जाएगी।

**आयुषी उपाध्याय, सीईओ**
**जनपद पंचायत पनागर**

# शिक्षकों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित

**डिंडौरी, नवभारत 13 जुलाई।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत डिंडौरी विकासखंड के अझवार, जमगांव, बटौंधा, विक्रमपुर एवं शाहपुर संकुल के माध्यमिक एवं एकीकृत माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए वर्ष-3 मॉड्यूल पर आधारित एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राहुल शुक्ला, शैलेन्द्र तिवारी एवं सहदेव सिंह सैयाम ने शिक्षकों को सक्षम जीवन कौशल सत्रों की गुणवत्ता, सत्रों की संरचना, उनके प्रमुख तत्वों तथा विद्यार्थियों में आने वाले व्यवहारिक एवं सकारात्मक परिवर्तनों की पहचान करने के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण दिया। साथ ही विद्यालयों में प्रभावी एवं सहभागी शिक्षण पद्धति अपनाने पर भी जोर दिया गया।

**अभियान से बच्चों में बढ़ेगा आत्मविश्वास**-इस अवसर पर सक्षम कार्यक्रम के जिला प्रबंधक महारन प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रबंधक नीरज तिवारी एवं अमित शुक्ला उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में सक्षम जीवन कौशल सत्रों का नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, तथा सकारात्मक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# मेहंदवानी के विकास कार्यों को मिली गति

**आंगनबाड़ी भवनों का किया गया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**



**शहपुरा नवभारत 13 जुलाई।** आकांक्षी विकासखण्ड मेहंदवानी में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं बाल विकास सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने ग्राम पंचायत जैतपुरी एवं ग्राम पंचायत सारंगपुर में नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवनों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को नवीन विकास कार्यों की सौगात भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत फुलवाही के ददरा टोला तथा ग्राम पंचायत मेहंदवानी के गांजर टोला एवं बगई टोला में नवीन आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत जैतपुरी में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया।

### ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नवीन आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण से बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक बाल शिक्षा संबंधी सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना के विकास से ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और समग्र विकास को नई गति प्राप्त होगी।

# बरुआ नाला बना मुसीबत का रास्ता

**चार साल से पुलिया का इंतजार, बरसात में आदिवासी बस्ती का टूट जाता है संपर्क**

**चिल्हारी नवभारत 13 जुलाई।** नगर परिषद मानपुर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित बरुआ नाला पर पुलिया का निर्माण चार वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं हो सका है। पुलिया के अभाव में हर बरसात स्थानीय नागरिकों, विशेषकर आदिवासी बस्ती के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार नगर परिषद मानपुर और जिला प्रशासन से पुलिया निर्माण की मांग की गई, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार



बरसात के दौरान बरुआ नाला उफान पर आ जाता है, जिससे नाले के उस पार रहने वाले आदिवासी परिवारों का मुख्य मार्ग से संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। स्कूली बच्चों को जान जोखिम में डालकर नाला पार कर विद्यालय जाना पड़ता है, जबकि बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य ग्रामीण भी इसी रास्ते से आने-जाने को मजबूर हैं।

### बस्ती तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है

ग्रामीणों का कहना है कि यह बस्ती तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है। बारिश के समय नाले में पानी बढ़ने पर एम्बुलेंस, मोटरसाइकिल और अन्य वाहन भी नहीं पहुंच पाते। ऐसे में किसी मरीज, गर्भवती महिला या अन्य आपात स्थिति में समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना कठिन हो जाता है।

# मझौली मार्ग पर फिल्मी अंदाज में आबकारी अमले ने की घेराबंदी

**4.25 लाख के मशरुका सहित भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त, आरोपी जेल रवाना**

**मझौली, सिहोरा, नवभारत।** क्षेत्र में मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन करने वाले माफियाओं के खिलाफ आबकारी विभाग ने एक और सर्जिकल स्ट्राइक की है।

जबलपुर कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह के सख्त रुख और सहायक आबकारी आयुक्त जबलपुर संजीव कुमार दुबे के कुशल मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सिहोरा की टीम ने एक आलीशान मारुति सुजुकी अर्टिगा कार से तस्करी की जा रही भारी मात्रा में महंगी विदेशी शराब बरामद की है। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के अवैध मदिरा तस्करों में हड़कंप मच गया है।

**पौड़ी के पास दबोची गई कार**- विभागीय सूत्रों के मुताबिक, बीते 12 को आबकारी टीम को पुख्ता मुखबिर से सूचना मिली थी कि पौड़ी-मझौली मार्ग का उपयोग कर एक लग्जरी कार में अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप खपाने की तैयारी है। सूचना पर तत्काल एक्शन मोड में आई टीम ने ग्राम पौड़ी के पास रणनीतिक नाकेबंदी की। जैसे ही पौड़ी से मझौली की ओर आ रही संदिग्ध मारुति सुजुकी अर्टिगा कार (वाहन क्रमांक एमपी52 जेड 0474 को आबकारी अमले ने चारों तरफ से घेरा, तो वाहन चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद जवानों ने उसे दबोच लिया। कार की सघन तलाशी लेने पर अधिकारियों के होश उड़ गए, कार की सीटों के पीछे और डिग्गी में भारी मात्रा में ब्रांडेड विदेशी मदिरा छिपाई गई थी।



बताया जाता है कि तस्करों द्वारा ग्रामीण इलाकों में खपाने के लिए ले जाई जा रही कुल 8 पेटी हाई-रेंज विदेशी मदिरा जब्त की गई है। आबकारी विभाग के आधिकारिक मूल्यांकन के अनुसार, जब्त की गई विदेशी मदिरा की बाजारू कीमत 74,724 है। वहीं, तस्करी में अर्टिगा कार की कीमत 3,50,000 आंकी गई है। पुलिस व आबकारी टीम ने कुल 4,25,724 का मशरुका अपने कब्जे में लिया है।

**जबलपुर के घमापुर का शातिर आरोपी गिरफ्तार**-लग्जरी कार से अवैध शराब का परिवहन करते रंगे हाथों पकड़े गए आरोपी की शिनाख्त आयुष चौधरी (उम्र 29 वर्ष), पिता राजकुमार चौधरी, निवासी 165 दुर्गा कॉलोनी, शीतला माई वार्ड, घमापुर (जिला जबलपुर) के रूप में हुई है। आबकारी टीम ने आरोपी के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत गंभीर व गैर-जमानती धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया है। मामले को विवेचना में लेते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आबकारी विभाग अब आरोपी के पुराने रिकॉर्ड और शराब की इस खेप के मुख्य सप्लायरों की कड़ियों को जोड़ने में जुट गया है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**-इस पूरी चुनौतीपूर्ण और त्वरित कार्रवाई को सफलता पूर्वक अंजाम देने में आबकारी उपनिरीक्षक आर.एस. मरावी, मुख्य आरक्षक फूल सिंह एटिया, संतलाल मरावी तथा आरक्षक ज्ञानेंद्र सिंह व अशोक बघेल की विशेष मुस्तैदी और जांबाजी रही।

# समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**डिंडोरी, नवभारत 13 जुलाई।** नगर परिषद डिंडोरी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वेद प्रकाश पुरी गोस्वामी ने विगत दिवस निकाय क्षेत्र में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन पेयजल टंकियों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण का उद्देश्य निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेकर शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सिविल निर्माण की गुणवत्ता, कार्य की प्रगति, तकनीकी मानकों तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

निर्माण गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं-उन्होंने मौके पर मौजूद तकनीकी अधिकारियों, उपयंत्रियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि शेष सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने पाइपलाइन एवं जल वितरण प्रणाली को भी शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश देते हुए कहा कि नगरवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



# मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 19 को

**सिहोरा, नवभारत।** ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा मेधावी छात्र-छात्रा एवं वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 19 जुलाई को संपन्न होगा। उक्ताशय का निर्णय पंडित विशुद्धानंद पांडे ब्राह्मण समाज भवन में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। सत्र 2024 में सिहोरा खितौला के विद्यालय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्राह्मण छात्र छात्राओं के साथ 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज की धरोहर वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया जायेगा।

कार्यकारिणी की बैठक में ब्राह्मण समाज के नवीन चुनाव एवं सदस्यता की प्रगति पर चर्चा के साथ श्रावण माह में शिव मंदिर बाबाताल में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराने के संबंध में भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज सिहोरा के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, नरेन्द्र त्रिपाठी, प्रवीण गौतम, अशोक उपाध्याय, राजेश मिश्रा, अनिरुद्ध त्रिवेदी, सुरेन्द्र तिवारी, सुनील तिवारी, राजकिशोर तिवारी, नारायण तिवारी, अनिल दुबे, सतेन्द्र तिवारी, प्रशांत बाजपेयी सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

समस्या | शहपुरा पोस्ट ऑफिस में कर्मचारियों की अनियमितता और सुविधाओं की कमी से उपभोक्ता परेशान

# स्टाफ की कमी का खामियाजा भुगत रहे उपभोक्ता

**शहपुरा, भिटोनी, नवभारत।** डाक विभाग इन दिनों कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों के अभाव के कारण उपभोक्ताओं को समय से डाक भी नहीं मिल पा रहा है। इससे दिन प्रतिदिन मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। वहीं एक व्यक्ति तीन कर्मचारियों का कार्य कर रहे हैं। बिना डाकिए के काम चलाया जा रहा है। शहपुरा भिटोनी तहसील में स्थित भारतीय डाकघर की अव्यवस्थित कार्यप्रणाली के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच उपभोक्ताओं को अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए रोजाना डाकघर के चक्कर लगाने




पड़ रहे हैं। शहपुरा नगर स्थित कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि डाकघर में व्यवस्थाओं की कमी के कारण उन्हें घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, लेकिन कई बार उनका काम नहीं हो पाता। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, कर्मचारियों की कमी और बार-बार आने वाली तकनीकी समस्याओं के कारण आधार अपडेट, बैंकिंग सेवाएं, बचत खाते में जमा-निकासी, स्पीड पोस्ट और पेंशन भुगतान जैसे आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। उपभोक्ताओं ने यह भी बताया कि यहां बैठने और शौचालय की उचित व्यवस्था नहीं है। लोगों का कहना है कि डाकघर एक दुकाननुमा जगह पर चल रहा है, अनेकों बरसों से कोई सरकारी भवन पोस्ट ऑफिस को नहीं मिला है। डाकघर पहुंचे उपभोक्ताओं का कहना है कि सुबह से लाइन में लगने के बावजूद कई बार उन्हें बिना काम कराए वापस लौटना पड़ता है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

डाकघर में काम करवाने के लिए जाते हैं तो कभी कंप्यूटर खराब होते हैं तो कभी अधिकारियों का जवाब होता है कि नेट नहीं चल रहा है। जिसके कारण डाकघर में आने वाले लोगों को काम करवाने के लिए बार-बार चक्कर काटने पड़ते हैं। एक उपभोक्ता का आप है कि जब मैं पोस्ट ऑफिस पहुंच पैसा जमा करने के लिए तो पोस्ट मास्टर द्वारा पैसा जमा करने के लिए मना कर दिया और स्टाफ की तरफ से दुर्व्यवहार का मामला संज्ञान में आया है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से डाकघर की व्यवस्था में सुधार करने और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। डाकघर प्रशासन का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी। शहपुरा नगर एवं आसपास के ग्रामीणों नेचेतावनी दी है कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो डाकघर के बाहर समस्त उपभोक्ता एकजुट होकर धरना देंगे।